अंतरसिंह आर्य का आतिशबाजी और फूलमाला से किया स्वागत

अजजा आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों की सुनी समस्याएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

धनोरा. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य शुक्रवार को धनोरा और चाचरिया के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जनजाति समुदाय के लोगों के साथ बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना। दोपहर 12 बजे धनोरा पहुंचे अंतरसिंह आर्य का ग्रामीणों ने आतिशबाजी और फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

धनोरा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बैठक कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनजाति समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने आयोग अध्यक्ष को गांव, फलियों की समस्याओं के निराकरण को लेकर आवेदन भी दिए।

धनोरा में बैठक में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सालों पहले मैने अपने क्षेत्र में नर्मदा का पानी लाने का सपना देखा था। वह सपना अब जाकर पूरा हुआ है। मध्य प्रदेश सरकार ने माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना को मंजूरी दे दी है। जल्द ही अब हमारे क्षेत्र में नर्मदा का पानी मिलने लगेगा और हमारे क्षेत्र के किसान इस नर्मदा के पानी से सिंचाई कर समृद्ध किसान की श्रेणी में आने लगेंगे।

बैठक के बाद आर्य ने आसपास के क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने सडक, पानी, स्कूल, आंगनबाड़ी, नवाड़ पट्टे की समस्याओं को लेकर अपने आवेदन राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को दिए। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आर्य ने कहा कि जनजाति आयोग ने अपनी 100 दिन की कार्य योजना बनाई है। इस कार्य योजना को राष्ट्रपति महोदय से मुलाकात कर उन्हें दे दी गई है। अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर इस कार्य योजना को सौंपेंगे।